हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 23.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

10 शाकम्भरी शक्तिपीठ लोहझर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



12 भजन- कीर्तन व जयकारे के साथ निकाली प्रभातफेरी





## खबर संक्षेप

### सतधाराधाम में धार्मिक मड़ई लगेगी आज

**छुईहा बेलर।** क्षेत्र के त्रिवेणी संगम सतधारा धाम खुडियाडिही कौंदकेरा में वार्षिक धार्मिक मड़ाई का आयोजन 12 पाली निषाद समाज एंव त्रिवेणी संगम यज्ञ समिति के तत्वावधान में 25 जनवरी को रखा गया है। इसी दिन 23 से 25 चल रहे श्रीरामचरितमानस महायज्ञ का समापन होगा। आयोजन से जुड़े मोती राम निषाद ने कहा 12 पाली निषाद समाज, त्रिवेणी संगम यज्ञ समिति की संयुक्त प्रयास से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 23 जनवरी को रामचरितमानस महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। 25 जनवरी को विसर्जन होगा। इस बीच सिरकट्टी आश्रम के महंत गोवर्धन शरण व्यास के मार्गदर्शन एवं संतों के सानिध्य में यज्ञ हवन और प्रवचन कार्यक्रम हुए। जिसमें आसपास के लोग शामिल हुए। वहीं 25 जनवरी को मड़ई होगी। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक राजिम रोहित साहू, भाजपा नेता समाजिक कार्यकर्ता रूपसिंह साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष होमन लाल साहू,आपपास के जनप्रतिनिधि होगें।

### उरमाल-देवभोग मार्ग का डामरीकरण शुरू



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के उरमाल से देवभोग मार्ग निर्माण की मांग लंबे समय से किया जा रहा था। और पिछले कुछ वर्षो से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ सड़क निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। उरमाल और देवभोग जाने वाले इस प्रमुख मार्ग में इन दिनों डामरीकरण कार्य तेज गति से किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा यह सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। पीडब्लूडी के एसडीओ एम.के साहू ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। तीन चार किलोमीटर ही बाकी है, उरमाल से सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

### डिप्टी कलेक्टर वर्मा बने मंत्री के ओएसडी



**राजिम।** डिप्टी कलेक्टर बस्तर एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा को महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग में ओएसडी के पद पर नियुक्त किया गया है। ये आदेश छत्तीसगढ़ शासन,सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के आदेश क्रमांक एफ 2-7/2023/एक-8 (पार्ट-17) 19 जनवरी 2024 राज्य शासन द्वारा किया गया है। श्री वर्मा, डिप्टी कलेक्टर, जिला बस्तर, को लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण की निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि वे काफी समय तक राजिम तहसीलदार के रूप में पदस्थ रहे।

# बेमौसम बारिश व बदली से गिरा तापमान, कड़ाके की ठंड ने कंपकंपाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

क्षेत्र में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज एकदम बदल गया है। बीती रात झमाझम बारिश से क्षेत्र तरबतर हो गया। एकाएक झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट आई। ठंड से लोग कंपकंपाने लगे। ठंड ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है। सुबह से बच्चे स्कूल जाने के लिए छाते लेकर निकले, रेनकोर्ट में भी नजर आए। और तो और इसकी सेहत पर विपरित असर देखने को मिल रहा है। सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। ठंड बढने के कारण जगह- जगह लोग अलाव तापते नजर आ रहे हैं।



### मक्का और सब्जी के खेती में कीट प्रकोप

एकाएक बारिश और ठंड तथा दिनभर बादल छाये रहने से मक्का और सब्जी की फसल में कीट प्रकोप का खतरा बढ़ गए हैं। खराब मौसम को देखते हुए अभी से किसानों को कीट प्रकोप से होने वाले नुकसान की चिंता सता रही है। मक्का और सब्जियों के फसल में तेजी से कीट प्रकोप हमला करता है।





### जनजीवन प्रभावित

बेमौसम आंधी के साथ बारिश से क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित हो गया है। तेज हवा के साथ रात को बारिश से क्षेत्र की लाइट गुल हो गई। कई इलाके रात को अंधेरे में डूबे रहे। लगभग 18 घंटे से मैनपुर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था गड़बड़ है। जिसके चलते आज दिनभर मैनपुर में पेयजल सप्लाई नहीं होने से पीने के पानी के लिए भी हाहाकार मचा रहा।

## अच्छी खबर: अब कोई भी कमार जनजाति का परिवार झोपड़ी और पेड़ों के नीचे नहीं रहेगा

# 1848 कमार परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना से आवास निर्माण के लिए राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

विशेष पिछड़ी कमार जनजाति परिवारों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बड़ी सौगात दी है। आने वाले छह माह के भीतर सभी कमार जनजाति परिवारों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के लिये जोरशोर से तैयारी शुरू कर दी गई है। गरियाबंद जिले में लगभग 1848 कमार परिवारों को पीएम जनमन योजना के तहत पक्के आवास निर्माण के लिए प्रथम किश्त की राशि उनके खाते में 40–40 हजार रुपए जारी भी की जा चुकी है।

- गरियाबंद जिले में सबसे ज्यादा कमार परिवार मैनपुर ब्लॉक में, मिलेगा लाभ

प्रदेश में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति सबसे अधिक संख्या गरियाबंद जिले के मैनपुर, गरियाबंद, फिंगेश्वर और छुरा में निवास करती है। कमार जनजाति के लोग घने जंगल और पहाड़ों के उपर निवास कर कंदमूल एवं पारंपरिक बांस बर्तन तथा शिकार कर जीविकोपार्जन करते आ रहे हैं। बहुत कम सीमित संसाधनों में जीविकोपार्जन करना इनकी दिनचर्या में शामिल है।

अधिकांश कमार परिवार पक्के आवास के अभाव में घासफूंस की झोपड़ी और पेड़ों के नीचे खुले आसमान के नीचे जीवन जीने मजबूर हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 जनवरी को प्रारंभ पीएम जनमन योजना अंतर्गत भी कमार परिवारों का सर्वे कार्य युध्द स्तर पर किया जा रहा है। और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से जनजाति आदिवासी महाअभियान योजना अंतर्गत पीएम आवास निर्माण के लिये पहली किश्त की राशि विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जारी किया है। जिसमें सबसे ज्यादा लाभ गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के कमार परिवारों को मिल रहा है। कमार जनजाति के लोगों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिलने से निश्चित रूप से उनकी जिन्दगी में बदलाव आएगा।

### प्राथमिकता के साथ राशि जारी करेंगे



प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक विजय कुमार साहू ने बताया कि जिले में मैनपुर ब्लॉक मे 917, गरियाबंद 526, छुरा 339 एवं फिंगेश्वर में 133 कमार जनजाति परिवार को प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए प्रथम किश्त की राशि 40–40 हजार जारी किया जा चुका है। उन्होंने बताया प्रत्येक आवास 2 लाख की लागत से निर्माण किया जाना है। शौचालय के लिए अलग से 12 हजार रुपए दिया जाना है। श्री साहू ने बताया कि अभी सर्वे कार्य जारी है। सर्वे पूरा होते ही सभी कमार जनजाति परिवार को प्राथमिकता के साथ पक्का मकान निर्माण के लिए राशि जारी की जाएगी।



### सर्वे के बाद सभी को मिलेगी राशि

मैनपुर ब्लॉक समन्वयक विकास द्विवेदी ने बताया मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे कुल कमार परिवार 1437 के आसपास है और अभी सर्वे किया जा रहा है। उन्होने बताया 2017 से 2023 तक 479 कमार परिवारों का आवास निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बाकी लोगों के आवास निर्माण कार्य के लिए राशि जारी हो चुकी है। सर्वे के बाद सभी परिवारों को आवास निर्माण के लिए राशि मिलेगी।

### सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं भी मिलेंगी

कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंह सोरी, कमार विकास अभिकरण के सदस्य पिलेश्वर सोरी, राजमन सोरी, पनकूराम सोरी, रजनी बाई, सुमेर सिह, शांताबाई, धनमोतिन सोरी, रजनी बाई कमार, उर्मिला बाई कमार ने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बेहतर सोच के चलते आज सैकड़ों कमार परिवारो को पक्का आवास के लिए प्रथम किश्त की राशि जारी हुई है। जरूरत इस बात कि है कि जिले के अफसर इस कार्य में गंभीरता दिखाते हुए निर्माण कार्यों पर विशेष नजर रखें। जिससे केन्द्र सरकार की मंशा प्रत्येक कमार परिवार को आवास निर्माण का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। पक्का आवास निर्माण के बाद कमार समाज की बस्तियों मे निश्चित रूप से पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क व अन्य बुनियादी सुविधाएं भी मिलेंगी।

## अनाचार के आरोपी को 10 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

न्यायालय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पाक्सो एवं बलात्कार मामले) गरियाबंद यशवंत वासनीकर ने मंगलवार को नाबालिग पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी युगल किशोर दीवान पिता उमेश कुमार दीवान उम्र 24 वर्ष साकिन पाली बस्तीपारा थाना-भीमखोज खल्लारी जिला महासमुन्द को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार पीड़िता के पिता ने थाना राजिम में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी पुत्री 17 वर्ष 2 माह 3 दिन जो दिनांक 28.07.2022 को रात्रि में कहीं चली गई थी। आस-पास पता तलाश करने पर कहीं नहीं मिली। उसकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस विवेचना के दौरान पीड़िता स्वतः थाना राजिम आने पर बरामद कर विवेचना की कार्यवाही प्रारंभ हुई। विवेचना के दौरान पीड़िता ने बताया था कि 3-4 वर्ष पूर्व अपने माता-पिता के साथ ईंट बनाने के लिए दूसरे गाँव गई थी। आरोपी भी उसी गांव अपने माता-पिता के साथ ईट बनाने गया था। तब आरोपी से जान पहचान हुई थी और दोनों में प्रेम प्रसंग चलने एवं मोबाइल से बातचीत होती थी। बताया गया कि दिनांक 28.07.2022 को उनके पिता के साथ मोबाइल से अधिक बाते करने के कारण नाराज होने पर वह आरोपी को फोन कर फिंगेश्वर बुलाई थी। आरोपी फिंगेश्वर में मोटर सायकल लेकर आने पर उनके साथ उनके मौसा-मौसी के घर एवं अनेक जगहों पर रही। इस दौरान आरोपी शादी करने का प्रलोभन देकर उनके साथ अनेकों बार शारीरिक संबंध बनाया था। पुलिस द्वारा प्रकरण की सम्पूर्ण विवेचना पश्चात आरोपी के विरूद्ध धारा 366, 376 (2) (ढ) भा०दं० संहिता एवं धारा 6 पाक्सो एकट के तहत न्यायालय में ▶▶|शेष पेज 10 पर



- नाबालिग को आरोपी ने दिया था शादी का प्रलोभन

## विधायक ने पिपरछेड़ी स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक जनक ध्रुव ने पिपरछेड़ी ग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। विधाय ने प्राचार्य बसंत त्रिवेदी से चर्चा कर शालेय समस्या एव पढ़ाई के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

- बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ने बच्चों से पढ़ाई व खेलकूद के संबंध में की चर्चा

गौरतलब यह कि विधायक श्री ध्रुव स्वयं जिला खेल अधिकारी के रूप में शिक्षा विभाग में अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं। खिलाड़ी बच्चों से मुलाकात कर खेल सुविधाओं के विषय पर चर्चा की। विधायक वॉलीबॉल के खिलाड़ी भी रहे हैं। जनप्रतिनिधि गुलशन वर्मा राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी ने वॉलीबॉल कोर्ट का समतलीकरण, क्रिकेट तथा कबड्डी मैदान निर्माण की मांग विधायक से की। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु मिनी डोम की मांग प्राचार्य ने की।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ग्राम के जनप्रतिनिधि, विद्यालय के समस्त शिक्षक कामता प्रसाद साहू, वीरेंद्र सिन्हा, किरण दीवान, दिनेश निर्मलकर, दीपक गवली, हरिनारायण यादव,डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा, श्रीमती नूतन साहू, योगेश्वरी यादव, हेमंत दाऊ, बाबू लाल बेल, तार सिंह सोरी, बैजनाथ नेताम, सत्यम पटेल रूपेश तांडी, बृज भूषण साहू चंद्रहास ऊके, सूरज महा डिक,हितेंद्र सिन्हा, पुरषोत्तम ध्रुव आदि उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर होनहार बालिका का सम्मान

**मुडागांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला तुमगांव में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। शाला की एक बालिका को समाजसेवी ने पानी बोतल टाई बेल्ट भेंटकर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस शुभकामनाएं दीं। समाजसेवी ने कहा कि भारत में हर साल 24 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है इसकी शुरुआत महिला एवं बाल विकास भारत सरकार ने सन 2018 में की थी।इसी दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किया जाता है जिसमें सेव द गर्ल चाइल्ड रेशियो और बालिकाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण बनाने सहित जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है। इस मौके पर शिक्षक शंकर यदु,शिक्षक ईश्वर प्रसाद देवांगन,सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर,स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## अपने गांव, देश के लिए कुछ करने की लें प्रेरणा: साहू



**नवापारा-राजिम।** ग्राम टोकरो के सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व विधायक धनेंद्र साहू शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि 26 जनवरी को संविधान लागू हुआ। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी,सुभाष चंद्र बोस,रानी लक्ष्मीबाई जैसे वीर शहीदों ने इस देश के आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिया। ये आजादी इतना साधारण बात नहीं है। हम सभी को भी अपने गांव,देश के लिए कुछ न कुछ करने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी,गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण,भूपेंद्र साहू जनपद सदस्य,शशि प्रकाश साहू सरपंच,द्रोपति हौसलाल साहू सरपंच, भुलऊ साहू, पुनाराम साहू, कोमल पटेल,लोकेश साहू रोमन तारक,रामबिलास साहू,जंतु साहू,मोहबत साहू,ओमप्रकाश साहू,नूतन साहू,संतोष साहू, दरबार उइके नर्मदा साहू,वेदराम साहू,तनु साहू,शकुन साहू,खेमराज ध्रुव जे एल साहू उपस्थित थे।

- टोकरो के कार्यक्रम में पूर्व विधायक धनेंद्र हुए शामिल

## विधायक के साथ जाकर मंत्री से करेंगे चर्चा

# किसानों ने की धान खरीदी की समयसीमा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 नवंबर 2023 से प्रारंभ हुई है जो 31 जनवरी 2024 को समाप्त हो जाएगी। वर्तमान में 31 जनवरी तक किसानों को टोकन जारी किया गया है जबकि उपार्जन केन्द्र चरौदा, बेलर, बारूला, परसदाकला, फिंगेश्वर से संबंध कई सारे किसान अभी तक टोकन और अपने बारी के इंतजार में है। विधायक रोहित साहू ने कहा है कि मंत्री से मिलकर चर्चा करेंगे। किसानों को दिक्कत नहीं होगी।

- कई किसान नहीं बेच पाए हैं धान

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रति एकड़ 20 क्विंटल से बढ़ाकर 21 क्विंटल किया गया है। अलग-अलग समितियों में कृषि भूमि की रकबा अनुसार प्रतिदिन खरीदी की मात्रा तय की गई थी। इस मात्रा में कम ज्यादा भी गया। परंतु खरीदी केंद्रों में उठाव नहीं होने के कारण जगह का अभाव भी होते जा रहा है। मात्रा बढ़ने के कारण हमलों के लिए तौलाई, सिलाई, संग्रहण में कठिनाई हो रही थी। जिससे सभी किसानों का धान तय अवधि में खरीदी हो पाने में संशय हो गया है। क्षेत्र के उपार्जन केन्द्र चरौदा, बेलर, बारूला, परसदाकला, फिंगेश्वर से संबंध इंदरमन, ईश्वरी, चन्द्रहास, दिनेश, जनक, ठाकुर राम देवकरण, मयाराम, सावंत, होरीलाल, भागवत जैसे हजारों किसान खासे चिंतित हैं।



### किसानों को नहीं होगी दिक्कत

भाजपा किसान नेता पूर्व सरपंच रामाधार साहू सेंदर ने पूरा धान खरीदी होते तक बढ़ाए जाने की किसानों की मांग को राजिम विधायक रोहित साहू को अवगत कराया है। विधायक ने आश्वस्त किया है कि किसानों को कोई दिक्कत नहीं होगी निश्चिंत रहे। मुख्यमंत्री, संबंधित मंत्री से मिलकर सार्थक प्रयास किया जाएगा। रामाधार साहू ने कहा कि विधायक के साथ किसान प्रतिनिधि के साथ मंत्री से मिलकर समय बढ़ाने आग्रह करेंगे। पूरी उम्मीद है कि समय बढ़ेगा और किसान अपनी उपज बेच पाएंगे।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** घर के कोठार में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्राम बगईजोर के परमानंद नाग पिता स्व अलखराम नाग (45 साल) ने अपने घर में अज्ञात कारण के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर सरायपाली थाने में मर्ग कायम कर लिया गया है।

### खेत से मोटर पंप की चोरी

**महासमुंद।** खेत से पंप चोरी के मामले में सांकरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। ग्राम तुलसीडीपा के राजकुमार मिरी पिता लेखन मिरी (65 साल) के खेत से एक पुरानी इस्तेमाली 3 एचपी मोटर पंप कीमत 15000 रुपए की चोरी अज्ञात चोर ने कर ली है। रिपोर्ट पर धारा 379 तहत अपराध कायम किया गया है।

### अवैध शराब बिक्री के मामले में 6 पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के मामले जिले के अलग-अलग थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बलौदा थाना पुलिस ने महुआ शराब कि अवैध बिक्री कर रहे तीन लोगों को पकड़ा है जिसमें अनिल निराला पिता भगवानो निराला (23 साल) निवासी पलसापाली को गेर्रा एवं पलसापाली के बीच रास्ते मे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए के साथ, मनोज सिदार पिता सफेद सिदार (34 साल) निवासी कोटद्वारी को कोटद्वारी से कालीदरहा के बीच 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए के साथ एवं मित्रभानू कंधेर पिता वृषभ कंधेर (40 साल) निवासी-नवापारा को कोटद्वारी से कालीदरहा के बीच 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को पकड़ा है।

### अंजलि ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस राजस्थान में जीता कांस्य पदक

**महासमुंद।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस लॉन टेनिस (पुरूष-महिला) टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल गवर्नमेंट ऑफ राजस्थान द्वारा महाराणा प्रताप खेलगांव स्टेडियम उदयपुर राजस्थान में 23 से 28 सितंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले से अंजलि बरमाल सहायक क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग, अंजनि साहू व्यायाम शिक्षक, स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल, शोभा दीवान शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर ने प्रदेश की टीम से भागीदारी किया। अंजनि साहू व मुक्ता की जोड़ी ने डबल्स में अपने प्रारंभिक मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल मैच हारकर तीसरे स्थान के लिए मैच खेला, जिसमें मैच जीतकर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही। पदक विजेता खिलाडी अंजनि साहू व्यायाम शिक्षक व जिले के प्रतिभागियों ने कलेक्टर प्रभात मलिक से मुलाकात किया, जिस पर कलेक्टर ने अंजनि के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जिले में लॉन टेनिस खिलाड़ी तैयार करने और खेल को आगे बढ़ाने की बात कही।

पेज 9 के शेष

### अनाचार के आरोपी ...

अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। उक्त प्रकरण में अभियोजन द्वारा अपने पक्ष समर्थन में कुल 10 साक्षियों का परीक्षण कराया गया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गरियाबंद यशवंत वासनीकर द्वारा प्रकरण में आये मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 366 भा०दं०संहिता में 2 वर्ष को कारावास 1000 रुपये को अर्थदण्ड एवं धारा 376 (2) (ढ) भा०द० संहिता के अपराध में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। न्यायालय द्वारा पीड़िता की शारीरिक मानसिक पीड़ा को देखते हुए पीड़िता की आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर विचार करते हुए प्रतिकर स्वरूप 4,00,000 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से दिलाये जाने का भी निर्णय पारित किया गया है। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से जनक राम साहू, अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला गरियाबंद द्वारा पैरवी की गई है।

# जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री कम, लोगों की दिनचर्या बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पिछले पांच दिनों से आसमान पर पर लगातार बदल छाया हुआ है। मंगलवार को ठंडी हवा के साथ बारिश होने से ठिठुरन बढ़ गई। हाड़ कंपाने वाली ठंड से हर कोई हलाकन हैं। अब तक के सबसे कम टेंपरेचर ने लोगों को दिनचर्या बिगाड़ दी है।

बुधवार को भी कई जगहों पर बारिश हुई हैं।। नतीजन तापमान लगातार गिरता जा रहा है। तापमान में गिरावट की वजह से ठिठुरन बढ़ गई है। जिले में

**खास बातें**

- पांच दिनों से आसमान पर बादलों का डेरा
- खरीदी केंद्रों में धान बचाने लगा रहे कैप कवर



### कुछ स्थानों में हो सकती है हल्की बारिश

मौसम का मिजाज बदलने से की वजह से बढ़ती ठंड के बीच सर्दी से भी कई लोग परेशान है, वहीं कल भी आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक कुछ स्थानो पर हल्की बारिश भी हो सकती है। समर्थन मूल्य पर जिले के उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी चल रही है। उपार्जन केन्द्रों में धान का उठाव धीमी गति से चल रहा है जिसके कारण यहां धान की ढेर लगी हुई है। धान को बिगने से बचाने कुछ जगहों पर कैप कवर किया गया है तो अधिकांश जगहों पर खुले आसमान के नीचे धान रखा हुआ है। अचानक बारिश होने से धान भीगने की संभावना है।

आज अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री कम रहा। आम से लेकर खास लोग भी ठंड से बचने अपने घरों में अलाव जला रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से ठंडी हवाएं आ रही है। जिसकी वजह से जिले में फिर ठंड बढ़ गई है। आज अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि सामान्य से 7 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार अभी भी तापमान में और गिरावट की संभावना है।

**पर्व : मरार पटेल समाज द्वारा 18 से मनाया जा रहा नवरात्र**

# शाकम्भरी शक्तिपीठ लोहझर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

मां भगवती शाकम्भरी शक्तिपीठ लोहझर में शाकम्भरी मरार पटेल समाज द्वारा नवरात्र 18 जनवरी से 25 जनवरी तक धूमधाम से मनाई जा रही है। क्षेत्र के साथ अन्य जिलों से श्रद्धालुओं की अपार भीड़ बढ़ती जा रही है। जिसमें छठवां दिन प्रमुख रूप से पटेल समाज के लिलार पटेल, प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ महासंघ, डेहर पटेल प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ, सोमनाथ पटेल, प्रदेश महामंत्री, राजेन्द्र नायक, सरायपाली, प्रदेश संयोजक, पवन पटेल, महासमुंद प्रदेश सहसंयोजक, डॉ. घनश्याम पटेल, प्रदेश महामंत्री मंत्री , श्रीमती लक्ष्मी साहू, पाण्डुका, जिला पंचायत सदस्य, ओडिसा से भनत राम पटेल जेंजरा, ओडिसा राज सचिव, देवनाथ पटेल गुड़ापतेरा, कुलेश्वर सिन्हा पत्रकार छुरा , मंजू ध्रुव सरपंच, सुखबती टाण्डे जनपद सदस्य, ग्राम प्रमुखों, श्रद्धालु उपस्थित रहे। शाकम्भरी समाज पदाधिकारियों नारायण पटेल छुरा संयोजक, कृष्ण कुमार पटेल, अध्यक्ष नारायण पटेल, जीवन पटेल, श्यामलाल पटेल, हेमलाल पटेल, सतीश पटेल, संरक्षक गण, सचिव श्री योगेश कुमार पटेल,,मंच संचालक नोहर पटेल, हेमलाल पटेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बेदराम पटेल, उपकोषाध्यक्ष कुशल पटेल, सदस्य गुलाब पटेल, श्रीमती चन्द्रवती पटेल, यमुना पटेल, लक्ष्मी पटेल एवं शाकम्भरी समाज पदाधिकारियों द्वारा अक्षत गुलाल पुष्प से आत्मीय स्वागत किया जा रहा है।

- जसगीत के माध्यम से देवी का कर रहे गुणगान



### मंडलियां दे रहीं प्रस्तुतियां, आज करेंगी दान

22 जनवरी से जसगीत प्रतियोगिता में, जामली देवसरा, ओनवा, रवेली, खम्हरिया, बोरसी, भोथा, धनसुली, खरियाररोड़ उड़ीसा, धमनी, सोरिद, मोतिमपुर, मगरलोड, मुड़ागांव, खुड़ियाडीही, कनेसर, आमानारा के प्रतिभागी भाग लेकर मां भगवती शाकम्भरी देवी का गुणगान कर रहे हैं । प्रतिदिन क्षेत्र के जसगीत मण्डलियों का कार्यक्रम अनवरत जारी है। श्रद्धालुओं के सहयोग से प्रतिदिन सभी के लिए भोजन भण्डारा चल रहा है।

साथ ही साथ मां भगवती शाकम्भरी देवी के जयंती 25 जनवरी को छुरा में प्रसाद स्वरूप साग सब्जी दान का कार्यक्रम रखा गया है,चूंकि मां भगवती शाकम्भरी देवी स्वयं मातृशक्ति है। संसार में भयंकर आकाल में मां अपने शरीर से सागभाजी फल-फूल एवं वनस्पति उत्पन्न कर जीव-जंतुओं को भोजन से तृप्त कर प्राण बचाई थी। छुरा क्षेत्र में भी विशेष रूप से मातृशक्तियां बजरंग चौक, शाकम्भरी मरार पटेल समाज प्रमुखों की सानिध्य में साग भाजी दान किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती तोकेश्वरी मांझी जी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, अध्यक्षता श्रीमती चन्द्रवती पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजिम राज, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुखबती टाण्डे,जनपद सदस्य लोहझर, श्रीमती मंजू ध्रुव , सरपंच, ग्राम पंचायत लोहझर, श्रीमती कल्याणी पटेल, उपसरपंच पिपराही, श्रीमती डिम्पल पटेल अध्यक्ष शाकम्भरी समूह छुरा, लक्ष्मी पटेल,झुनिया पटेल, पूर्णिमा पटेल पंच खरखरा एवं अन्य महिला उपस्थित रहेंगी। बजरंग चौक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मां भगवती शाकम्भरी देवी के प्रसाद स्वरूप साग सब्जी अधिक से अधिक लोग प्राप्त करें ।

# नवापारा सीएमओ को मिली डिप्टी सीएम की शाबाशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

राज्य के डिप्टी सीएम नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव ने नवापारा सीएमओ संतोष विश्वकर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश के अन्य सीएमओ भी श्री विश्वकर्मा का अनुशरण करें और इसी तरह ईमानदारी पूर्वक काम करें। जानकारी के मुताबिक प्रदेश के सभी नगर पालिकाओं तथा बस्तर,सरगुजा और बिलासपुर संभाग के नगर पंचायतों के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकायो के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अभियंता को अपने-अपने निकांयो में विकास एवं सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा कि गरीबो की आवास योजना में अच्छे कार्य के लिए नवापारा नगर पालिका के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा को शाबाशी देते हुए तारीफ किया। अन्य सीएमओ से कहा कि आप सभी लोग उनका अनुशरण करें। बताया गया कि नगर पालिका नवापारा में योजना के तहत स्वीकृत 1435 आवासों में से 1270 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

इस उपलब्धि के लिए निकाय के कर्मचारियो में खुशी का माहोल है। बुधवार को नवापारा नगर पालिका में सीएमओ विश्वकर्मा का अभिनंदन करते हुए बुके शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें विशेष रूप से राजस्व निरीक्षक निखिल चंद्राकर,देवचरण साहू, अतीक खान,सुभाषिनी शर्मा, संतोष पवार,दिनेश जांगड़े,नवीन साहू, सरस्वती कंवर,खुशबू ठाकुर, ऋचा साहू,किरण यादव,बिसहत यादव,अजय गिलहरे शामिल थे।

# कर्मचारियों ने की विधायक से ट्रेजरी ऑफिसर की शिकायत



**राजिम।** विधायक रोहित साहू से छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने गरियाबंद के जिला ट्रेजरी ऑफिसर की शिकायत की है। श्री मिश्रा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि ट्रेजरी ऑफिसर जीपीएफ, पार्ट फाइनल, मेडिकल बिल तथा अन्य एरियर्स के बिलों में आपत्ति लगा दिया जाता है। पेंशनरों के विभिन्न बिलों के भुगतान में भी मांग रखी जा रही है। संगठन ने उक्त अधिकारी पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक रोहित साहू ने गरियाबंद कलेक्टर को फोन लगाकर उक्त अधिकारी के कृत्य पर अंकुश लगाने के लिए कहा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, जिला के अजाक्स महामंत्री भागचंद चतुर्वेदी लिपिक संघ के उपाध्यक्ष मजहर बेग, विकास शर्मा ,सहित संगठन के अन्य लोग मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस को लेकर सजा बाजार तिरंगा व खादी कपड़ों की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मनाने के लिए तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र मे जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। सभी शासकीय कार्यालयों व शासकीय निजी स्कूल महाविद्यालयों सहित ग्राम पंचायतो मे गणतंत्र पर्व मनाने रंग रोंगन साफ सफाई का कार्य एवं आकर्षक तैयारियां किया गया है। गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या मे जनपद पंचायत कार्यालय, बीआरसीसी, विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय, वन विभाग, सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों को विद्युत की रौशनी से सजाया जाएगा। वहीं धूमधाम के साथ गणतंत्र पर्व मनाने के लिये दुकानों में तिरंगे झंडे बिल्ला, टोपी, बैल्ट, तिरंगा गमछा, कपड़े पहुंच चुके है। जिसकी जमकर खरीददारी भी किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस की तैयारी जोरों पर हैं। गणतंत्र दिवस को लेकर दुकानों में तिरंगा झंडा एंव प्लास्टिक के तिरंगा, स्टीकर बैच, रिबन, टोपी एंव खादी कपडा की जमकर मांग बनी हुई है। पूरे क्षेत्र में गणतंत्र दिवस को लेकर व्यापक स्तर तैयारी की जा रही है।



# स्कूल बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति



**छुईहा बेलर।** नवीन प्राथमिक पाठशाला भाठापारा परसदाकला के बच्चों ने वार्षिक उत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ धूमधाम से बुधवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया ।

प्रधानपाठक ने कहा नन्ने मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय व धूमधाम के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य नेमीचंद देवांगन,पूर्व सरपंच मिथलेश साहू, थे। ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं समाज को प्रेरित करने हेतु बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में अतिथि जनपद सदस्य नेमीचंद देवांगन, प्रधानपाठक राकेश पांडे ,मेनका ध्रुव, तेज कुमारी दीवान, मंच संचालक धनजंय पटेल ,नकुलनाथ योगी ,रेवा देवांगन, ओमप्रकाश मेहर, युवराज साहू ,मन्नू निषाद, रवि साहू, सनातन निषाद, सिया निषाद गणमान्य नागरिक, स्कूल स्टाप,छात्र उपस्थित थे।


# भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष फलेंद्र साहू सहित किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर धान खरीदी की समयसीमा बढ़ाने की मांग की है।

- मुख्यमंत्री के नाम पर तहसीलदार को दिया

ज्ञापन में बताया है कि राज्य में असमय वर्षा के कारण धान खरीदी बाधित हुई है। जिन दिनों बारिश हुई है धान खरीदी उन दिनों में नहीं हो पाई है। ऐसे किसान जिनका टोकन धान खरीदी न हो पाने के कारण निरस्त हुआ था, उनके लिए एवं अन्य जो धान नहीं बेच पाए हैं उन सभी किसानों के लिए धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाई जाने की आवश्यकता है। किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल धान खरीदी की समयसीमा 31 जनवरी से 15 फरवरी तक बढ़ाई जानी चाहिए। इस दौरान किसान संघ जिला अध्यक्ष फ़लेंद्र साहू ,नरोत्तम साहू, मोतीलाल चंद्राकर, खूब चन्द चन्द्राकर,ऋतुराज शाह, राजकुमार, वेदराम नंदे ,मनीराम उपस्थित थे ।



# 32 पौव्वा प्लेन, महुआ शराब के साथ युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तेंदुकोना पुलिस ने ग्राम सोनदादर में एक युवक के कब्जे से 32 पौव्वा देशी प्लेन शराब और 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया।

जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर ग्राम सोनदादर में दबिश दी गई, जहां अर्जुन पिता जगन्नाथ गोंड 21 साल निवासी बीके बाहरा थाना खल्लारी, के कब्जे से 32 पौवा देसी प्लेन शराब कुल 5 लीटर 760 मिली तथा देसी महुआ शराब कुल 10 लीटर 400 मिली जुमला 16 लीटर 160 मिली कुल कीमती 4,640 रुपए अवैध शराब जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**कारणों को पता कर रहे, जल्द दी जाएगी राशि : सोम**

# 8 समितियों के 935 किसानों को नहीं मिली बोनस की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जिला सहकारी बैंक के अंतर्गत 8 समितियां किसानों के लिए कार्य रहता है जिसमें छुरा, दुल्ला, चरोदा ,पाठ सिवनी,सिवनी, कनसिघि वं रसेला है। यहां के लगभग 935 किसानों को 2 वर्ष की बोनस की राशि नहीं मिल पाई है। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में लिया गया था कि भाजपा की सरकार बनते ही सन 14 -15 -16 की बोनस की राशि किसानों के खातों में 25 दिसंबर को डाल दिया जाएगा। घोषणा को क्रियान्वयन करते हुए 25 दिसंबर को किसानों के खातों में 2 साल का बोनस डाला गया उसके पश्चात भी कई किसानों के खाते में राशि नहीं आई। इस संबंध में सरकार द्वारा लगातार विभाग के अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित किया जा रहा है कि आखिर किन करणो से इन किसानों के खाते में 2 साल की बोनस की राशि नहीं आई हैं। लगातार समितियां के माध्यम से जांच कर दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक सोम ने बताया कि शाखा के अंतर्गत 935 किसान असत्यापित हैं, यह 8 समिति के अंतर्गत है। शासन के निर्देश पर लगातार कार्य किया जा रहा है कि इन किसानों को बोनस की राशि उनके खाते पर क्यों नहीं पहुंची है ?



इसमें ज्यादातर दो कारण है कि पहले किसान की मृत्यु हो गई है। उनका दूसरा उनका खाता अपडेट नहीं होने के कारण लगभग बंद हो गया है दोनों कारणों का निराकरण का कार्य चल रहा है जिसमें से अभी तक 381 किसानों का आवेदन जानकारी उपलब्ध हो गई है जिसमें 230 किसानों का ऑनलाइन एंट्री भी हो गया है। बाकी किसानों के खातों की जांच कर जानकारी ली जा रही है कि इन किसानों के खाते में बोनस की राशि आखिर क्यों नहीं की गई है जल्दी ही इन किसानों के खातो में राशि जाए इसके लिए बैंक एवं समितियां कार्य कर रही है।

# विधायक रोहित के प्रयास को मिली सफलता, रबी फसल के लिए मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयास से ग्रीष्मकालीन रबी फसल में धान के लिए जिले के विभिन्न वृह्द एव लघु जलाश्य से पानी देने का निर्णय लिया गया है।

इससे किसानों आय के अतिरिक्त स्त्रोत के साथ ही गर्मी के दिनो में पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता आसान होगा। वर्षभर बरसात की पानी जलाशय में उपलब्धता होने से कृषकों में रबी दोनों फसल लेने में रूचि बढ़ी थी। इस बात को बीच बीच में विधायक को ध्यान आकृष्ट कराया गया था। किसानों की मंशानुसार आखिरकार विधायक रोहित साहू ने मंगलवार को जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में निर्णय लिया गया।





- किसानों के चेहरे पर आई मुस्कान

भाजपा नेता व सरपंच बोड़की रामजी साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही जनता से किए गए कई वादे पूरी कर चुकी है। वहीं धान के बकाया बोनस,21 क्विटल प्रति एकड़ खरीदी, 3100सौ का बकाया राशि ,महतारी वंदना योजना की मोदी की गारंटी से आम जनता काफी खुश है। जिले के किसानों को लम्बे अंतराल के बाद रबी फसल धान के लिए पानी देने का फैसला किसानों के लिए वरदान साबित होगा। इस निर्णय से किसानों के चेहरे मुस्कान आई है, परिवार में छाई खुशहाली हो रही है। पूर्व सरपंच विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द, टिकेश साहू, पुर्व उप-सरपंच खोमन साहू , सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, सुकदेव साहू, किशोर कुमार साहू,मोती निषाद, ओमप्रकाश साहू ,संतु साहू,विष्णु साहू, परमेश्वर साहू,उदे राम साहू, मिथिलेश साहू, नेहरू साहू, गजेन्द्र निषाद, रेणुका, नीलेश्वरी साहू ,सकुन साहू मनीष हरित,राजु साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।


SRU
SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
Approved & Recognized By :
13TH UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC 12 (B)" STATUS
23rd YEARS OF EXCELLENCE
AAROHAN
SPORTS & CULTURAL FEST
29th Jan - 04th Feb, 2024
CASH PRIZES
UPTO
Rs. 3 LAKH
FREE ENTRY
100+ Competition Events For Students
SCAN QR CODE
FOR REGISTRATION
Contact : 9424227761, 9691018833, 9935001770, 9893131147
4TH FEB
SUNDAY
LIVE CONCERT
Bollywood Fame
PAWNI PANDEY
LIVE SHOW
(ENTRY FREE )
5:30 PM to 9:00 PM
VENUE : SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY, NH. 30, POST MANA, NEW DHAMTARI ROAD, RAIPUR

## खबर संक्षेप

### अंकिता ने यूजीसी नेट किया पास



**छुरा।** नगर के शिक्षक संजयकुमार श्रीवास्तव एवं भाजपा सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रतन श्रीवास्तव की पुत्री अंकिता श्रीवास्तव ने यूजीसी नेट उत्तीर्ण कर सहायक प्राध्यापक की परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त की है। परिजन सहित अन्य में हर्ष है।

### जनपद सीईओ ने मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई



**फिंगेश्वर।** जनपद के सीईओ अजय पटेल ने 24 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरिद के स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर स्कूल के शिक्षको सहित सभी बच्चों और ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता हेतु शपथ दिलाई। सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य पीएस ध्रुव के साथ स्कूल के स्टाफ एवं ग्राम के नागरिक उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर की ठोकर से घायल की हुई मौत

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सरायपाली थाना क्षेत्र के झिलमिला के रहने वाले सतपथी बारिक पिता पुनु बारिक (53 साल) निवासी झिलमिला को शुभ नर्सिंग होम के सामने बस स्टैंड के पास सरायपाली में जगदीश पिता परमानंद साहू ग्राम नुनपानी ने अपने जान डियर ट्रैक्टर क्र- सीजी 06 जीवाय 8767 को तेज एवं लापवाही पूर्वक चालक कर ठोकर मार दिया। गंभीर चोट आने के कारण उसे अस्पताल मे भर्ती कराया गया था, जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई।

### शिकार के लिए बिछाए तार से एक घायल

**महासमुंद।** जंगली सुअर के शिकार के लिए बिछाए करंट तार की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल हो गया। खल्लारी थाना के ग्राम भीमखोज के केकड़ा ताल के जंगल में जंगली सुअर का शिकार करने के लिए बिछाए बिजली तार की चपेट में आने से गब्बर पिता श्याम नेताम (60) ग्राम भीमखोज घायल हो गया। प्रार्थी ने मामले में आरोपी पवन यादव, रेखराज यादव, कैलाश बघेल निवासी भीमखोज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 336, 337, 34 के तहत अपराध कायम किया है।

### स्कार्पियो ने पिकअप वाहन को ठोका

**महासमुंद।** खल्लारी थाना अंतर्गत ओंकारबंद के एक राइस मिल के पास स्कार्पियो ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। प्रार्थी अभिषेक यादव पिता लालजी यादव (22 साल) निवासी भनपुरी जिला रायपुर ने पुलिस को बताया कि घटनास्थल पर उसके पिकअप वाहन सीजी 04 एनएस 0493 को स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 एनडी 9435 के चालक ने ठोकर मार दी।

## मानस मंदिर में हुआ यज्ञ, दीप प्रज्वलन और आतिशबाजी

**छुरा।** नगर के मानस मंदिर में भगवान श्री राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के सभी वर्ग के लोगों ने चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रभात फेरी यज्ञ ,हवन, दीप प्रज्वलन,आतिशबाजी सहित विविध आयोजन हुए।







### आयोजन: श्री सत्यनारायण मंदिर राजिम में हुए विविध आयोजन

# अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण- प्रतिष्ठा पर मंदिरों में भजन-कीर्तन, महाआरती के बाद मनाया दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर नगर कंसारी समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व एक सप्ताह तक भजन कीर्तन के साथ प्रातः प्रभा फेरी निकाली गई, जो कि मंदिर से निकल कर वापस मंदिर में आकर समाप्त हुई। समाज की भजन मंडली के द्वारा भगवान राम के भजन प्रस्तुत किए गए। वही प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। प्रातः 9 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र की पूजा अर्चना व आरती की गई। जिसमें मंदिर कमेटी व समाज के पदाधिकारी व महिलाएं शामिल हुई। रामधुनी हुआ। दोपहर 1 बजे प्रसादी का वितरण किया गया। अपरान्ह 3 बजे सुंदरकांड का पाठ किया गया। संध्या श्री सत्यनारायण मंदिर में महाआरती की गई वही मंदिर परिसर में दीपावली सी खुशियां मनाई गई ,दीपक जलाए गए। समाज में हर्ष और उल्लास का माहौल था। कंसारी समाज के अध्यक्ष सहदेव कंसारी ने कहा कि करीब 500 वर्ष के पश्चात रामलला अपने घर में विराजे हैं। पूरे भारतवर्ष एवं विदेशों में भी हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के संरक्षक मुन्ना साव,अध्यक्ष राजकुमार कंसारी, उदयराम कंसारी , सचिव बलराम सारस ,समाज के संरक्षक दसरथ लाल कंसारी, राजकुमार कंसारी,अध्यक्ष सहदेव कंसारी, सचिव कलीदान कंसारी, नंदकुमार कंसारी, रामा साव, राजू साव, नरेंद्र कंसारी, रमेश कंसारी, सुनील साव, तुकाराम कंसारी, गणेश कंसारी, राजू कंसारी,युवा संगठन के गोविंदा कंसारी, तरुण कंसारी, महिला संगठन की संतोष कंसारी,हीरा कंसारी, माया सारस सहित मंदिर कमेटी, कंसारी समाज के पदाधिकारियों व सदस्य गणो की गरिमामयी उपस्थिति रही।

- एक सप्ताह तक श्रद्धालुओं ने निकाली प्रभातफेरी



### ओम शांति कॉलोनी में हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा की गई



**नवापारा-राजिम।** ओम शांति कॉलोनी स्थित ओम नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पंडित अजय शर्मा के मंत्रोच्चारण के बीच सुबह 10 बजे से पूजा-अर्चना ,हवन पूजन के साथ संकटमोचन श्री हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर ओम शांति कॉलोनी की मातृशक्तियां और समस्त मोहल्लेवासी उपस्थित थे। संध्या 7 बजे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर राम दीपक प्रज्वलित किया गया वहीं महाआरती की गई। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को रामोत्सव के रूप में मनाया गया। इस पावन अवसर पर ओम शांति कॉलोनी में हर्ष और उल्लास व भक्ति का माहौल रहा। पूरा वातावरण राममय रहा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति के संरक्षक विजय गोयल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, मयाराम साहू वार्ड पार्षद संध्या राव पार्षद, मंदिर समिति अध्यक्ष नीलकंठ साहू, देवेंद्र देवांगन, मनीष जैन, राजेश भीमगज, आनंद वर्धन ठाकुर एडवोकेट, आशीष शर्मा ,मोहनलाल साहू ,विजय साहू, संजू कश्यप, शिक्षिका मंजू देवांगन ,पार्वती सोनी ,कृष्णा देवांगन ,ऋचा जैन अभिलाषा कामदार, सेजल साहू सहित कॉलोनी वासियों का विशेष योगदान रहा।

### फूलबाहरा में भी रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम



रसेला। अयोध्याधाम में नव निर्मित मंदिर में रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पूरे भारत जहां राममय हो गया है। हर शहर गांव- गांव में बड़ी धूमधाम के साथ रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में ग्राम फूलबाहरा में समस्त ग्रामवासी के द्वारा प्रभु श्रीराम माता सीता भ्राता लक्ष्मण एवं भक्त हनुमान जी का पूजा अर्चना कर सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन का आयोजन किया गया। पूरे फूलबाहरा ग्राम को भगवा रंग व गली में भगवा तोरण एवं झंडा से सजाया गया था। इस अवसर पर देवेन्द्र गंजीर, विजय नेताम, नरोत्तम, हेमलाल, खेमसिंह, शालिक राम, दिलीप नायक आदि ने कहा कि आज हमारे देश के करोड़ोंवासियों और हमारे पूर्वजों को रामलाल की जन्मभूमि पर पुनः निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा हेतु संघर्ष करने वाले समस्त रामभक्तों के लिए आज ऐसा अदभुत दिन है, जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। शाम को श्री राम जी की आरती उतार कर प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर उत्तम, तरूण साहू, रामधन , ठग्गू राम, कार्तिक राम सहित युवा शक्ति, महिला शक्ति तथा समस्त ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा।

## भजन- कीर्तन व जयकारे के साथ निकाली प्रभातफेरी



**छुरा।** अयोध्याधाम श्रीरामजन्म भूमि में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव दीपोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिवस विभिन्न विद्यालयों के बच्चों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई। रामभजनों के साथ बच्चों द्वारा झांकी एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। इससे पहले प्रातः 6:30 बजे भजन कीर्तन एवं जयकारे के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। पश्चात श्रीराम जानकी लक्ष्मण की पूजा अर्चना आरती सबकी उपस्थिति में मंदिर पुजारी यज्ञेश पांडे द्वारा की गई। पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद शिवशक्ति महिला मानस मंडली छुरा द्वारा मानसपाठ एवं भजन कीर्तन किया गया। तत्पश्चात विभिन्न विद्यालयों सरस्वती शिशु मंदिर छुरा, कन्या आश्रम छुरा, पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास छुरा ,ज्ञानअमृत विद्यालय ,इंडियन पब्लिक स्कूल, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुरा ,गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नेशनल प्राईड पब्लिक स्कूल छुरा एवं नगर के बच्चों द्वारा धार्मिक एवं मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र के चरित्र पर आधारित गीतों पर नृत्य एवं झांकी प्रस्तुति शाम तक हुई। सभी विद्यालयों को सहभागिता के लिए जय श्रीराम प्रतीक चिन्ह आयोजन समिति विश्व हिंदू परिषद व सर्व हिंदू सनातन धर्म प्रेमी द्वारा प्रदान किया गया। तत्पश्चात आदर्श महिला रामायण मंडली द्वारा भजन कीर्तन मानस कथा की गई। अंत में रामायण की आरती स्तुति एवं प्रसाद वितरण किया गया। मंचस्थ मंडलियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शीतल ध्रुव समाजसेवी ने किया ।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में छत्तरसिंह ठाकुर, यशवंत यादव ,उज्जवल जैन, बजरंग पांडे ,मेश नंदन पांडे, भोला पांडेय शीतल ध्रुव समाजसेवी ,गोपाल सोनी, रामशरण पुरैना, मानसिंह निषाद ,कुलेश्वर सिन्हा , निखिल साहू मनीष शारडा, महेंद्र द्विवेदी ,अधीक्षकगण सपना कंसारी, तुलेश्वरी कंवर ,प्रेमवती ध्रुव ,गिरधारी लाल कुंभकार, कुलेश्वर मरकाम, शिक्षक मानस परिवार के ललित वर्मा ,मनहरण पटेल, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित, यश सिन्हा, शुभम कुमार, ईश्वर सिन्हा के साथ साथ महिला मंडल महिला मानस मंडली के सदस्य उपस्थित रहे।

## टेका में छात्र-छात्राओं बैगा, कोटवार और पंचायत प्रतिनिधियो का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर ग्राम टेका में साईं पीकरी धाम के प्रमुख ठाकुर हनुमत सिंह परिवार द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों , बुजुर्गो, उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं , जरूरतमंदों और गांव के बैगा तथा कोटवार को शाल और रामनामी शाल भेंट कर सम्मानित किया। गांव के लोगों द्वारा बड़े प्रेम भाव से विशाल कलश यात्रा निकालकर प्रभु श्री राम के जयकारे के साथ सभी देवताओं की पूजा-अर्चना कर श्री राम मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से ग्राम प्रमुख दुर्गा सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।



## श्रीरामचरित मानस सम्मेलन हरदीभाठा में होगा 2 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाटा में पूरे जिले में सबसे ऐतिहासिक मानस सम्मेलन का आयोजन सालों से किया जा रहा है। हरदीभाठा का मानस सम्मेलन काफी प्रसिध्द है।



इस वर्ष हरदीभाठा में रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन 2 फरवरी से 4 फरवरी तक किया जाएगा। 3 दिवसीय रामकथा मानसगान सम्मेलन में कुल 18 मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। जिसके लिए ग्रामीणों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। प्रदेश स्तरीय मानस सम्मेलन को लेकर ग्रामवासियों द्वारा समिति बनाई गई है जिसमें संरक्षक पंडित योगेश शर्मा,लालाराम पटेल ,धनसाय सोनवानी ,विश्राम यादव ,रफीक भाई ,अध्यक्ष महेश कश्यप, उपाध्यक्ष भागीरथी निषाद ,कोशाध्यक्ष याति राम पटेल,सचिव लोचन निर्मलकर,सह सचिव लखन जगत को बनाया गया हैं। सरपंच श्रीमती दुलिया धुरव, रामसाय निर्मलकर,रामरतन पटेल ,गजेंद्र यादव, मोहित पटेल ,राजकुमार सोनवानी ,शालिक पटेल ,सुंदर निर्मलकर ,नरेश डोंगरे ,राजकुमार यादव, नरेंद्र साहू ,धनुराम पटेल ,दीनबंधु ,सुखराम निर्मलकर, भुवनेश्वर पटेल , रमेश ठाकुर ,गोपी पटेल, देवचरण साहू,गोपी निर्मलकर, चेतन पटेल, बलराम साहू, रमेश साहू, दयाराम साहू ,नारायण पटेल, राजेंद्र साहू ,सवितानंद साहू, बुद्धेश्वर साहू ,श्रीमती कुमारी बाई पटेल ,सेवती बाई ,बबीता निर्मलकर ,सोनिका बाई सोनवानी ,मोतीम बाई साहू, मकतुला साहू ,कुंती बाई ग्वाले ,मांन कुंवर निर्मलकर ,जानकी बाई एंव समस्त ग्रामवासियों द्वारा तैयारी किया जा रहा है। इस दौरान महाभंडरा का भी आयोजन किया जाएगा।

- 18 मानस मंडलियों द्वारा किया जाएगा मानसगान
- ग्रामीणों द्वारा की जा रही जोरशोर से तैयारी

## सोरिद स्कूल परिसर में पौधारोपण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम सोरिद खुद में अयोध्या में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला भवन प्रांगण में फलदार रामफल,आम,जामा आदि फलदार पौधों का रोपण किया गया। भोपाल सिन्हा, चित्रसेन सिन्हा ने पूरे परिवार के साथ पौधारोपण किया।

## ग्रामीण जीवन व त्योहारों का प्रतिबिंब है मड़ई मेला



**मुड़ागाँव(कोरासी)।** छुरा जनपद के ग्राम पंचायत पिपरछेड़ी गायडबरी जतमाईगढ़ में मंगलवार को मैत्री मिलन याने मड़ई मेला का आयोजन किया गया। मड़ई मेला कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्षा श्रीमती तोकेश्वरी मांझी छुरा , विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत सदस्य द्वय श्रीमती लक्ष्मी साहू,एवं श्रीमती केशरी ठाकुर व अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत पिपरछेडी श्रीमती नीरा - बिसहत राम ध्रुव ने की। वही विशेष अतिथि की आसन्दी पर पूर्व सरपंच अघण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय महामंत्रीय प्रकाश सिन्हा, गुलशन सिन्हा, व उप सरपंच गोविंद राम यादव, सरपंच प्रतिनिधि बिसहत राम ध्रुव,तेजस्वी यादव मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी ने कहा कि बोलचाल की सामान्य भाषा में मड़ई शब्द का अर्थ मेलजोल व भेंट से होती है। मड़ई हमारी संस्कृति की विरासत है जिसे हम एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित करते हुए चले आ रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू ने कहा कि मड़ई मेला उत्सव का प्रमुख उद्देश्य खरीफ फसल कटाई के बाद अपने देवी-देवताओं का धन्यवाद ज्ञापित करना। अपने मित्रों प्रियजनों से भेंट करने का एक उत्सव है। जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव ने कहा कि मेला मड़ई , धर्म कर्म व संस्कृति की महत्ता को अपने साथ लिए हुए परम्परा चली आ रही है। मड़ई मेले हमारे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन और त्योहारों का प्रतिबिंब है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय,प्रकाश शिन्हा, ग्राम के वरिष्ठ पूर्व मंडल अध्यक्ष अगहन सिग ठाकुर ने भी सम्बोधित किया। मड़ई मेला उत्सव के दौरान रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी गंगा सागर नाचा पार्टी कंकालीन बालोद का आयोजन किया गया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष ग्रामीण विकास शुकलाल मरकाम, सज्जन यादवसचिव चैत राम ध्रुव, सरपंच गणेश राम ध्रुव, सरपंच राम कीर्तन, रोहित यादव कुमार नागेश, संतराम,दीनबंधु ध्रुव, पंच रुप सिंग मरकाम, जगत राम सोरी, उर्वसी बाई, कृष्णा मरकाम मोहनी बाई , जानकी ध्रुव,व कोषाध्यक्ष जतमाई धाम से मुकेश चन्द्रकार सहित हजारों की संख्या में आस पास के ग्रामीण इलाकों से लोग मड़ई मेला मे उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेम लाल यादव ने किया।

